# कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ

(ब्लॉक तीन, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) )

**Email ID-cglc2012@gmail.com दूरभाष नं.–0771–2443515**

क्रमांक / 151 / भण्डार–12 / श्र.आ. / 2018 / 5750 रायपुर, दिनांक ............... 03 SEP 2024

// निविदा आमंत्रण //

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ़, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर के अनुपयोगी वाहन ''जहां है, जैसी स्थिति में है'' विक्रय के लिये मुहरबंद निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र | वाहन नंबर | वाहन का प्रकार | क्रय वर्ष | ऑफसेट मूल्य | निविदा तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CG-02-4653 | Tata Indigo | 2011 | 31,000 | • निविदा फार्म ब्रिक्री तिथि – दिनांक 26.09.2024 समय अपरान्ह् 4 बजे तक।<br>• निविदा जमा करने की अंतिम तिथि– 27.09.2024 मध्यान्ह् 12 बजे तक।<br>• निविदा खोलेने की तिथि– 27.09.2024 को समय अपरान्ह् 02 बजे। |

विक्रय किये जाने वाले वाहन का अवलोकन कार्यालयीन अवधि में कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ़, इंद्रावती भवन, ब्लॉक – 03, द्वितीय तल, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) में एवं नियम तथा शर्तो का अवलोकन विभागीय वेबसाईट www.cglabour.nic.in से किया जा सकता है।

(डी.पी. तिवारी)
उप श्रमायुक्त
कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ़
नवा रायपुर अटल नगर

# कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ

(ब्लॉक तीन, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) )
Email ID-cglc2012@gmail.com दूरभाष नं.–0771–2443515

क्रमांक / 151 / भण्डार–12 / श्र.आ. / 2018 / 5750 रायपुर, दिनांक 03 SEP 2024

**श्रमायुक्त संगठन के 01 नग अनुपयोगी शासकीय वाहन के नीलामी के संबंध में आमंत्रित निविदा हेतु नियम एवं शर्ते –**

1. निविदाकार विभाग की वेब साईट www.cglabour.nic.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर निविदा में भाग ले सकेंगे तथा ऐसे निविंदाकारों को निविदा के साथ निविदा प्रपत्र मूल्य रूपये 200 / – का डिमांड ड्राफ्ट जो कि श्रमायुक्त, कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर के नाम से होगा, निविदा प्रस्तुत करते समय जमा करना होगा अथवा निविदाकार कार्यालय श्रमायुक्त में उपस्थित होकर राशि रूपये 200 / – नगद जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकेगें।
2. वाहन जिस स्थिति में है, उसी स्थिति में मूल्य दर आमंत्रित की जाती है एवं वाहन प्रदाय भी उसी स्थिति में की जावेगी।
3. निविदा फार्म के साथ अमानत राशि रूपये 3,000 / – (तीन हजार मात्र) बैंकर्स चेक / बैंक ड्रॉफ्ट, श्रमायुक्त, कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर के नाम से जमा किया जाना अनिवार्य होगा। नगद राशि स्वीकार नही की जावेगी।
4. निविदाकर्ता को अपना पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड / ड्राईविंग लाईसेंस / वोटर आईडी / पेन कार्ड की छायाप्रति निविदा फार्म के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
5. निविदा फार्म में निविदा मूल्य साफ, सुंदर और सुस्पष्ट अंको एवं शब्दो में लिखा जाना अनिवार्य होगा, काट–छांट युक्त निविदा फार्म निरस्त कर दिया जावेगा।
6. निविदा मुहर बंद लिफाफा में ही स्वीकार किया जावेगा। लिफाफा के ऊपर **"वाहन क्रमांक CG-02-4653 Tata Indigo हेतु निविदा"** लिखा जाना अनिवार्य होगा तथा कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ़, ब्लॉक –3, द्वितीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़ के पते पर लिया जावेगा।
7. अधिकतम मूल्य दर प्रथम एवं द्वितीय मूल्य वाले निविदाकार की अमानत राशि रोककर, शेष निविदाकारों की अमानत राशि 07 दिवस के भीतर वापस कर दी जावेगी।

क्रमशः ...02

8. सफल प्रथम निविदाकर्ता को निविदा मूल्य की संपूर्ण राशि बैंकर्स चेक/बैंक ड्राफ्ट 07 कार्यालयीन दिवस के अंदर सायं 05 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा, राशि जमा नहीं करने की स्थिति में अमानत राशि राजसात करते हुए द्वितीय अधिकतम बोली लगाने वाले को 05 दिवस के भीतर संपूर्ण राशि जमा करना अनिवार्य होगी, राशि जमा नही करने की स्थिति में अमानत राशि राजसात करते हुए, तृतीय अधिकतम बोली लगाने वाले को 05 दिवस के भीतर राशि जमा करने हेतु निर्देश दिये जाने हेतु विचार किया जावेगा।
9. प्रदाय आदेश जारी होने के 07 दिवस के अंदर निविदा मूल्य की संपूर्ण राशि जमा कर स्वयं के व्यय पर वाहन उठाना अनिवार्य होगा। राशि जमा नही किये जाने की स्थिति में पूर्व में जमा की गई संपूर्ण राशि राजसात कर ली जावेगी।
10. निविदा फार्म दिनांक 27.09.2024 को मध्यान्ह् 12 बजे तक डाक/व्यक्तिगत रूप से कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ़, ब्लॉक –3, द्वितीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, छ.ग. में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। बाद में प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जावेगा।
11. निविदा दिनांक 27.09.2024 को अपरान्ह् 02 बजे खोला जावेगा। निविदा खोलने के समय निविदाकर्ता अथवा उसका प्रतिनिधि उपस्थित रह सकता है।
12. श्रमायुक्त, कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ़, ब्लॉक –3, द्वितीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, छ.ग. को निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा एवं किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी।
13. वाहन पर वर्तमान में शासकीय पंजीयन क्रमांक अंकित है। निविदा उपरांत प्राप्त शासकीय वाहन का आर.टी.ओ. से नया पंजीयन क्रमांक के उपरांत ही उपयोग में लाया जाना मान्य होगा अन्यथा संबंधित क्रेता के द्वारा शासकीय पंजीयन वाहन का उपयोग किया जावेगा तो अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी। उसके लिये संबंधित निविदाकर्ता स्वयं जिम्मेदार रहेगा। नीलामी उपरांत शासकीय पंजीयन नंबर सहित वाहन पूर्णकालिक प्रतिबंधित रहेगा।

(डी.पी. तिवारी)
उप श्रमायुक्त
कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ़
नवा रायपुर अटल नगर

# //निविदा फार्म//

1. फर्म या व्यक्ति का नाम : ..............................................................
2. पत्र व्यवहार (दूरभाष सहित) का पता : ..............................................................

..............................................................

..............................................................

3. निविदाकर्ता का पहचान पत्र (आधार कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/वोटर आईडी/पेन कार्ड) की छायाप्रति संलग्न करें. ..............................................................
4. अमानत राशि संबंधी बैक ड्राफ्ट का विवरण : ..............................................................

| क्र | बैंक का नाम | राशि | बैंक ड्राफ्ट नं/दिनांक |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

5. दर –

| क्र | वाहन का नाम | वाहन क्रमांक | क्रय वर्ष | निविदा मूल्य | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंको में | शब्दों में |
| 1 | Tata Indigo | CG-02-4653 | 2011 | | |

## <u>सहमति</u>

प्रमाणित किया जाता है कि मेरे द्वारा नियम व शर्तों को भली भांति पढ़ा गया है एवं समझ लिया गया है तथा मुझे निविदा प्रपत्र उल्लेखित अनुक्रमांक 01 से अनुक्रमांक 13 तक अंकित नियम व शर्ते मंजूर है।

हस्ताक्षर
(निविदाकर्ता)

नाम : ..............................................

पता : ..............................................

..............................................